an>

Title: Need to clean up river Lone in Unnao, Uttar Pradesh and shut down slaughter houses and make provision for effluent treatment plant in factories in the city.

डॉ. स्वामी साक्षीजी महाराज (उन्नाव) ः टेनरियों व बूचड़खानों के मलबों के कारण लोन नदी व नाले लबालब भरे पड़े हैं। छोटी सी वर्षा में उन्नाव नगर डूबने लगता है। बच्चे स्कूल नहीं जा पाते हैं। दूषित जल घर में घुस जाता है। जाम लग जाता है। केंद्र सरकार गंगा को निर्मल, अविरल करने के लिए नदियों को आपस में जोड़ने के लिए संकल्पबद्ध है।

परंतु जनपद उन्नाव में लोन नदी की स्थिति भयानक है तथा लोन नदी के मलबे में फंसकर पशु मर जाते हैं। जल दूषित हो रहा है। लोन नदी की तत्काल सफाई का कार्य कराया जाये व उन्नाव में मेरे साथ केंद्र सरकार की टीम भेजी जाये और चमड़ा फैक्टरी या अन्य किसी फैक्टरी में ट्रीटमेंट प्लांट नहीं है, जिससे फैक्टिरयों से निकलने वाला कैमिकल युक्त पानी तथा बूचड़खाने से निकलने वाला खून 12 इंच बोर से जमीन के अंदर जाता है। दूषित जल पीने से उन्नाव में विक्लांग बच्चे पैदा हो रहे हैं। मेरा सरकार से अनुरोध है कि लोन नदी की सफाई करायी जाये और सभी फैक्टरियों में ट्रीटमेंट प्लांट अनिवार्य किया जाये और बूचड़खाने बंद किये जायें, क्योंकि इन बूचड़खानों का पूरा मांस विदेशों को निर्यात किया जाता है। जब दुधारू पशु काट दिये जायेंगे तो सरकार की श्वेत क्रांति कैसे पूरी होगी।